भारत - मोंटसेराट संबंध

ऐतिहासिक परिप्रेक्ष्य :

मोंटसेराट, जो कैरिबियन में एक स्वशासी यूके ओवरसीज टेरिटरी है, के साथ भारत के संबंध सौहार्दपूर्ण हैं। इसका रकवा 102 वर्ग किमी है तथा आबादी 5000 के आसपास है। पोर्ट ऑफ स्पेन स्थित हमारे मिशन को मोंटसेराट की जिम्मेदारी समवर्ती रूप से सौंपी जाती है। भारतीय मूल के लगभग 50 व्यक्ति तथा 15 भारतीय परिवार मोंटसेराट में रहते हैं।

मोंटसेराट में वर्ष 1995 में, पहली बार एक बड़ा ज्वालामुखी फटने के बाद यहां अब तक अनेक ज्वालामुखी फट चुके हैं जिससे यहां का आधा द्वीप नष्ट हो गया है जिसमें इसका एयरपोर्ट एवं राजधानी प्लाइमाउथ भी शामिल है तथा इसकी वजह से 11,000 में से आधी आबादी स्थायी रूप से इस द्वीप को छोड़कर चली गई है। तब से ब्रेडेस मोंटसेराट का नया राजधानी शहर है।

यात्राएं :

अभी तक उच्च स्तर पर कोई द्विपक्षीय यात्रा नहीं हुई है।

भारत एवं मोंटसेराट के बीच प्रमुख करार / एम ओ यू :

- द्विपक्षीय संबंधों पर भारत सरकार एवं मोंटसेराट सरकार के बीच एम ओ यू पर हस्ताक्षर सितंबर, 2011 में किया गया जिसके तहत संस्कृति, आईटी, एम एस ई, कृषि एवं मानव संसाधन विकास जैसे क्षेत्र शामिल हैं।

द्विपक्षीय सहयोग :

इस देश के आकार को देखते हुए हमारा द्विपक्षीय सहयोग सीमित है। मोंटसेराट सरकार ने कृषि, एस एम ई, आईटी एवं संस्कृति के क्षेत्रों में भारत के साथ सहयोग में अपनी रूचि प्रदर्शित की थी। 7 दिसंबर, 2010 को दोनों सरकारों के बीच एक मंशा पत्र पर हस्ताक्षर किया गया। द्विपक्षीय सहयोग को बढ़ाने के लिए तकनीकी सहयोग, संस्कृति, कृषि, लघु व्यवसाय विकास, आईटी, स्वास्थ्य देखरेख, भूकंप विज्ञान तथा खेल आदि जैसे क्षेत्रों में एम ओ यू पर हस्ताक्षर सितंबर, 2011 में उच्चायुक्त तथा मोंटसेराट के प्रधानमंत्री द्वारा किया गया। तथापि, भारत और मोंटसेराट के बीच उच्च स्तर पर एक भी आदान - प्रदान नहीं हुआ है।

क्षमता निर्माण : भारतीय तकनीकी एवं आर्थिक सहयोग कार्यक्रम के तहत भारत की विभिन्न प्रशिक्षण संस्थाओं में मोंटसेराट के कार्मिकों को प्रशिक्षण प्रदान करके भारत मोंटसेराट की क्षमता निर्माण में योगदान कर रहा है। इस समय हम मोंटसेराट के लिए दो आई टी ई सी स्लॉट प्रदान कर रहे हैं तथा आई सी टी, प्रबंधन एवं एस एम ई में प्रशिक्षण जैसे क्षेत्रों में उनका अधिकतर उपयोग किया जाता है।

आई टी में उत्कृष्टता केंद्र : आई टी ई सी कार्यक्रम के तहत मोंटसेराट सरकार ने एक उद्यम विकास केंद्र के अंग के रूप में एक लघु आईटी केंद्र स्थापित करने के लिए भारत सरकार से अनुरोध किया था। य परियोजना पर सक्रियता से विचार हो रहा है।

मोंटसेराट की एन एस आई सी के लघु शिष्टमंडल की प्रस्तावित यात्रा : मोंटसेराट सरकार ने भारत से एक लघु एन एस आई सी शिष्टमंडल, जिसमें लघु उद्यमी शामिल होंगे, की मेजबानी करने के लिए अपनी उत्सुकता प्रदर्शित की है। छोटे उद्यमों के लिए भारतीय प्रौद्योगिकी में उनकी रूचि है। मामले पर कार्रवाई की जा रही है।

भूंकप विज्ञान एवं ज्वालामुखी के अध्ययन : प्रधानमंत्री भूंकप विज्ञान एवं ज्वालामुखी के अध्ययनों में भारत के साथ द्विपक्षीय सहयोग स्थापित करने के इच्छुक हैं। चूंकि मोंटसेराट ज्वालामुखी प्रेक्षणशाला (एम वी ओ) वेस्टइंडीज विश्वविद्यालय के भूकंप विज्ञान विभाग का हिस्सा है, इसलिए भारत के शोधकर्ताओं को एम वी ओ में अध्ययन करने के लिए क्रेडिट दी जाएगी। इससे भूकंप विज्ञान एवं ज्वालामुखी अध्ययन के क्षेत्र में दोनों पक्षों के छात्रों, शोधकर्ताओं एवं वैज्ञानिकों का आदान - प्रदान संभव हो सकेगा। इस अनुरोध को मंत्रालय के माध्यम से भारतीय भू-विज्ञान सर्वेक्षण के पास भेजा गया है। मामला अभी विचाराधीन है।

व्यापार एवं अर्थव्यवस्था :
भारत की ओर से मोंटसेराट को मुख्य रूप से विद्युत मशीनरी तथा उपकरणों एवं पुर्जों का निर्यात किया जाता है। वर्ष 2014-15 के दौरान भारत और मोंटसेराट के बीच द्विपक्षीय व्यापार 0.33 मिलियन अमरीकी डालर के आसपास था। भारत की ओर से मोंटसेराट को निर्यात 0.33 मिलियन अमरीकी डालर तथा मोंटसेराट की ओर से भारत को निर्यात शून्य था। मैसर्स एंजीलिक इंटरनेशनल लिमिटेड, जो भारतीय कंपनी है, ने 6.73 मिलियन अमरीकी डालर की लागत से 1.5 मेगावाट के डीजल जेनरेटिंग सेट की आपूर्ति, संस्थापन एवं अधिष्ठापन का ठेका प्राप्त किया। इस ठेके से मोंटसेराट में भारत की अधिक भागीदारी के दरवाजे खुल गए हैं1

संस्कृति :

भारत की सांस्कृतिक मंडलियों ने वर्ष 2010, 2011 और 2013 में सेंट पैट्रिक दिवस के आसपास मोंटसेराट का दौरा किया। इनमें से प्रत्येक अवसर पर उनका गर्मजोशी के साथ स्वागत किया गया।

भारतीय नागरिकों के लिए वीजा से छूट :

मोंटसेराट सरकार ने 3 माह की अवधि के लिए पर्यटन एवं व्यवसाय के प्रयोजनार्थ मोंटसेराट का दौरा करने वाले भारतीय नागरिकों के लिए वीजा की आवश्यकता से छूट प्रदान की है। भारत सरकार ने मोंटसेराट के नागरिकों के लिए ई-टूरिस्ट वीजा को अनुमोदित किया है।

भारतीय समुदाय :

भारतीय समुदाय के तहत लगभग 15 कारोबारी परिवार (तकरीबन 40 व्यक्ति) शामिल हैं जो अधिकतर व्यापारियों एवं व्यावसायी हैं जिसमें डाक्टरों का एक जोड़ा शामिल है।

उपयोगी संसाधन :

भारतीय उच्चायोग, पोर्ट ऑफ स्पेन की वेबसाइट
http://www.hcipos.in/

***

जनवरी, 2016